# पेट्रोल छिड़क कर एटीएम व कार में लगाई आग

**मुम्बई से मिला फायर अलर्ट, तब घटना का पता चला, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** बदमाशों ने ग्वालियर थाना क्षेत्र के किला गेट पर स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में आग लगा दी। बदमाश की करतूत यहीं नहीं रुकी और दूसरे दिन उसने क्षेत्र में एक कार को तोड़ दिया और आग लगा दी। स्थानीय पार्षद के पति की स्कार्पियों का कांच फोड़ दिया। एटीएम में आग लगने की जानकारी बैंक की टीम को मुम्बई से मिली। मौके पर पहुंची टीम ने जब सीसीटीवी फुटेज देखे तो हाथ-पैर फूल गए, क्योंकि बदमाश पेट्रोल से आग लगाने के बाद काफी देर तक वहीं खड़ा रहा। बैंक की टीम जांच के बाद बीते रोज रात में पुलिस के पास पहुंची और अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला कायम कराया। आग लगने की घटनाओं का पता चलते ही पुलिस एक्टिव हुई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आग लगाने तथा गाड़ियों में तोड़-फोड़ करने वाला नाबालिग है। किला गेट चौराहा पर एचडीएफसी बैंक का एटीएम लगा हुआ है। 26 जनवरी की सुबह 11:30 बजे एक अज्ञात बदमाश एटीएम में पहुंचता है और इधर-उधर देखता है। बदमाश एटीएम के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा देता है। मशीन में आग लगते ही फायर अलर्ट चालू होता है और जानकारी सीधे मुम्बई स्थित मुख्यालय पहुंचती है। एटीएम में आग लगने की जानकारी ग्वालियर की टीम को मुम्बई से दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही टीम किला गेट पहुंची और जांच शुरु की। एटीएम में लगे सीसीटीवी में घटना देखने के बाद बैंक की टीम हतप्रभ रह गई। आग लगाने के बाद अज्ञात बदमाश एटीएम परिसर में ही खड़ा रहा। आग लगने के बाद जब काफी देर तक मशीन नहीं खुली तो बदमाश निकल कर भाग गया। बुधवार रात को बैंक कर्मी अविनाश यादव निवासी हनुमान कॉलोनी गोला का मंदिर ग्वालियर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

**पार्षद पति की स्कार्पियो फोड़ी:** बदमाश की बदमाशी यहीं नहीं रुकी और कुछ घंटे बाद वह पच्ची पाड़ा पहुंच गया। वहां घर के बाहर खड़ी शंकर सिंह तोमर की आर्टिगा कार पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। शंकर सिंह बाहर निकले तो उन्हें गालियां देने लगा। जब बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भागा और वार्ड 13 की पार्षद ज्योति सिकरवार के पति और भाजपा नेता दिनेश सिंह सिकरवार की स्कार्पियो नम्बर एमपी 07 सीजी-3472 में तोड़-फोड़ कर दी। पत्थर मारने से स्कार्पियो का आगे का कांच तोड़ दिया। भाजपा नेता व उनके समर्थकों ने पकड़ने का प्रयास किया तो भाग गया।

एटीएम, कार में आग व गाड़ियों में तोड़-फोड़ होने की सूचना मिलने के बाद ग्वालियर पुलिस एक्टिव हुई। कुछ देर की मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी नाबालिग है और दिमाग से सनकी है। घर में कुछ बात हो गई थी, तो पांच दिन से घर नहीं गया था। नाबालिग आरोपी के पिता वन विभाग में हैं और इस समय घाटीगांव सर्किल में पदस्थ हैं।

**इनका कहना है कि...**
एटीएम में आग लगाने व गाड़ियों में तोड़-फोड़ करने के मामले दर्ज हुए थे। पुलिस टीम को एक्टिव किया तो आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी नाबालिग है और जब उसके परिजनों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि पांच दिन से घर नहीं आया और सनकी किस्म का है।
**प्रशांत शर्मा, टीआई, ग्वालियर**

# सड़कें बनी सुरंग को लेकर सुनील शर्मा ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** जीडीए ऑफिस के सामने सड़क पर हुए गड्ढे को लेकर जनाक्रोश, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार ने शहर को सुरंग सिटी बना दिया है। चेतकपुरी पर सुरंग नदी गेट पर सुरंग सागर ताल चौराहे के पास सड़कों में सुरंग जैसे गड्ढे लगातार हो रहे हैं। यह सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार को उजागर करते हैं। भाजपा शासन ने ग्वालियर स्मार्ट सिटी नहीं बदहाल सिटी बना दिया है जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। श्री शर्मा ने चेतावनी दी है कि भाजपा शासन प्रशासन के हालत नहीं सुधरे तो कॉंग्रेस आंदोलन करेगी। इस प्रदर्शन में विजय दिवाकर, अशोक सूर्यवंशी,



तोहित कमल राजावत, ओम गोदिया, बीरू तोमर, राम सहाय तोमर, अनुज चतुर्वेदी, रामसेवक गुर्जर, उत्कर्ष शर्मा, नरेंद्र रघुवंशी, गोविंद राजपूत, संजय शर्मा, धर्मवीर प्रजापति, धर्मेंद्र राजपूत, बंटी बघेल, दीपक बघेल आदि मौजूद रहे।

## वॉट्सएप पर बहन ने भाई को दी जान से मारने की धमकी

**ग्वालियर।** भाई- बहन का रिश्ता बेहद पवित्र और संवेदनाओं भरा माना जाता है। वहीं इसके विपरीत शहर में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें बहन द्वारा वॉट्सएप पर अपने भाई को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। घटना इंदरगंज इलाके की है। जिसमें भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। गश्त का ताजिया निवासी सूरजप्रकाश मित्तल पुत्र स्व. चंद्रमोहन मित्तल ने बीती रात इंदरगंज थाने पहुंचकर शिकायत की है, कि उनकी बहन शारदा पत्नी स्व. राकेश गोयल चंदन नगर में रहती है।

# कपड़े से ढंक कर ले जा रहीं शराब की पेटियां पुलिस ने पकड़ीं

**टेकनपुर पर चेकिंग में पकड़ी अंग्रेजी शराब**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** चोरी छुपे कपड़े से ढंककर बाइक पर ले जा रहे अंग्रेजी शराब की पेटियां पुलिस चेकिंग में पकड़ी गई। पुलिस ने तस्करों के पास से 12 बोतल तथा 24 हाफ बोतल बरामद की हैं। जिस बाइक से शराब ले जाई जा रही थी, उसे पुलिस ने जब्त कर लिया। अवैध शराब के खिलाफ टेकनपुर में की गई। डबरा सिटी थाना पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। टेकनपुर में पेट्रोल पंप के आगे पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट लगाया हुआ था और वहां वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान डबरा की तरफ से एक बाइक नम्बर एमपी07जेडक्यू-5727 आती हुई दिखाई दी, जिस पर दो युवक बैठे हुए थे। युवक बाइक में बीच में कपड़े से कुछ ढंके हुए थे। पुलिस को संदेह हुआ तो बाइक को रोका गया और सामान की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर बाइक सवार युवकों से अंग्रेजी शराब ओल्डमंक की 12 बोतल तथा इसी ब्रांड की 24 हाफ बोतल मिलीं, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। शराब ले जाने वालों के नाम रवि परमार तथा संतोष परमार पुत्र नारायण सिंह परमार निवासी ग्राम टेकनपुर हैं। टेकनपुर चौकी प्रभारी एसआई बलवीर सिंह मावई ने बताया कि आरोपी रवि व संतोष ने पूछताछ में बताया कि वह डबरा से शराब लेकर आ रहे थे। एसआई बलवीर मावई के अनुसार अवैध शराब को बिलौआ स्थित एक कॉलोनी टीसीपी में खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। जिसे पुलिस चेकिंग में पकड़ लिया गया।

**मोटे महादेव के पास से पकड़ी देशी शराब**

ग्वालियर के इंदरगंज थाना क्षेत्र के मोटे महादेव के पास घाटी से पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी है। आरोपी नितिन उर्फ नीशू बाथम पुत्र हरीमोहन बाथम निवासी शुभम बीयर बार के पास रॉक्सी पुल क्षेत्र में अवैध शराब बेचने का काम कर रहा था। एएसआई चंद्रवीर सिंह गुर्जर को सूचना मिली तो उन्होंने दबिश देकर आरोपी नितिन को पकड़ लिया। आरोपी के पास से देशी शराब के 20 क्वार्टर मिले।

# अ .भा कायस्थ महसभा ने रैली निकाल कर विरोध किया

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** जैसा कि सर्व विदित है कि भारत सरकार ने यूजीसी बिल के माध्यम से हम सवर्ण समाज और पिछड़े और एस.सी. एस.टी समाज के मध्य और अधिक वैमनस्य और सौहार्द्र बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया है, यू.जी.सी. कानून के तहत बनाई गई व्यवस्था में हम सवर्ण समाज के बच्चों के हितों का पूर्ण रूप से हनन कर पूरे समाज को अघोषित अपराधी मान लिया है। जिससे हमारी वर्तमान पीढ़ी ही नही वरन आने वाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है, ऐसी स्थिति में इस काले कानून का विरोध करना हम सभी का नैतिक दायित्व और कर्तव्य है। इसी कड़ी में आज शास्त्री चौक पड़ाव पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की



प्रतिमा स्थल पर सामूहिक रामधुन कर भारत सरकार को सदबुद्धि प्राप्त हो ऐसी प्रार्थना की कामना की गई

**सवर्ण समाज ने निकाला मशाल जुलूसः** यूजीसी बिल का विरोध पूरे देश में थमने का नाम नहीं ले रहा। शहर में भी विभिन्न संगठनों और संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सवर्ण समाज आज बिल के विरोध में मशाल जुलूस निकालकर बिल को वापस लेने की मांग की । यह जुलूस अचलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभहोकर फ्लैग प्वाइंट से एमएलबी कॉलेज तक पहुंचा जहां सवर्ण समाज के लोगों द्वारा ने विरोध प्रदर्शन किया गया

# आत्मसुख के लिए आत्मचिंतन करें : अण्णा महाराज

**198वें समाधि महोत्सव में जेयू कुलसचिव डॉ . राजीव मिश्रा को मिला ब्रह्म रत्न सम्मान**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** हम सभी आत्मचिंतन कर आत्मसुख का आनंद लें। परंतु यह बिना गुरु के संभव नहीं है। गुरुकृपा से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। इसलिए सभी को गुरु के प्रति अखंड श्रद्धाभक्ति होना चाहिए। यह बात महंत मनीष विठ्ठल अण्णा महाराज ने निंबालकर की गोठ स्थित मठ में हठयोगी अण्णा महाराज के 198वें समाधि महोत्सव में गुरुवार को गुरुकृपा की महिमा बताते हुए कही। मुख्य अतिथि जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा थे। अध्यक्षता विप्र महासभा के संस्थापक धीरेंद्र चौबे ने की। विशिष्ट अतिथि सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव एवं समाजसेवी डॉ. जितेंद्र सिंह राजावत थे। शुरुआत में पूजन आचार्य हरीश शास्त्री ने कराया। अण्णा महाराज ने कहा कि सभी को अपनी मर्यादा और सीमा का ध्यान रखना चाहिए। फिर चाहे संत, राजनेता, समाजसेवी कोई भी हो। हर व्यक्ति को इसका स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने हठयोगी सद्गुरु अण्णा महाराज और संतनाम देव का चरित्र वर्णन कर गुरु महिमा बताई। डॉ. राजीव मिश्रा ने कहा कि सम्मान जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। जिसको पाने के लिए हमेशा संघर्षरत रहना होता है। कपिल भार्गव ने कहा कि संतों व गुरुजनों के प्रति आदर भाव भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा रही है। धीरेंद्र चौबे ने कहा कि संतों का सत्कार करना हमारे आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान महंत साथ धीरेन्द्र चौबे एवं कपिल भार्गव ने मुख्य अतिथि डॉ. राजीव मिश्रा को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर ब्रह्म रत्न सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर मांडवी मनीष विठ्ठल, इंजी. विश्वरंजन गुप्ता, हरीश भार्गव, समिधा मंगलमूर्ति, शोभा राठौर, श्रेष्ठ, परशुराम अण्णा महाराज, देवांश बौहरे, अंकित मराठा, मनीष रत्नाकर, त्रिलोक राठौर आदि उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर काव्य संध्या का आयोजन

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय अभिभाषक संघ ग्वालियर व साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में महाराणा निराला जयंती व बसंत पंचमी के अवसर पर वासंती काव्य संध्या का आयोजन अभिभाषक संघ संभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ केशव पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में महेशदत्त पाराशर उपस्थित रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन पाठक अध्यक्ष अभिभाषक संघ म प्र उच्च न्यायालय ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ केशव पाण्डेय ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर में महाप्राण निराला जयंती साहित्य पीठ की स्थापना जीवाजी विश्वविद्यालय में की जानी चाहिए साथ ही उन्होंने ग्वालियर को म्यूजिक सिटी का दर्जा दिए जाने हेतु दिए योगदान के बारे में भी बताया।

# सूने घर का ताला तोड़कर जेवरात समेट ले गए चोर

**पति आईटीबीपी में तो पत्नी करती है पुलिस में नौकरी, सारिका नगर दर्पण कॉलोनी की घटना**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** सारिका नगर दर्पण कॉलोनी में चोरों ने एक सूने घर को टारगेट करके वारदात को अंजाम दिया। घर में कोई रहता नहीं है, इसका फायदा अज्ञात चोरों ने उठाया और मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे तथा सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई है। घटना ठाटीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। पुलिस ने मामला कायम कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है। सीसीटीवी क्षेत्र में नहीं है इसलिए लोकल मुखबिरों को सक्रिय किया गया है। कंचन शात्रा व दीपक शात्रा का घर सारिका नगर दर्पण कॉलोनी में है। कंचन शात्रा पुलिस में है और इस समय मुरैना में पदस्थ हैं। जबकि इनके पति दीपक आईटीबीपी में हैं। घर में दीपक का छोटा भाई रहता है और वह भी रात के समय अपनी भाभी कंचन के मायके जो कि हजीरा में है वहां चला जाता है। कंचन भी किन्हीं कारणों से अभी अपने मायके में ही रह रही हैं मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने घर के मेनगेट का ताला तोड़ा और अंदर पहुंच गए। कमरे में रखे सामान की तलाशी ली। अलमारी खोली तो उसमें सोने-चांदी के जेवरात रखे मिल गए। जेवरात मिलते ही चोरों ने समेटा और जिस रास्ते से सुबह जब आए थे उसी से गायब हो गए। कंचन का देवर घर पहुंचा तो वारदात का पता चला। घर में चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस के हाथ कुछ क्लू लगे हैं। ठाटीपुर थाने के टीआई विपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि घर में कोई रहता नहीं है। फरियादी पुलिस में है और उसका पति आईटीबीपी में है। घर पर देवर रहता था, वह भी अपनी भाभी के मायके चला जाता था। कुछ क्लू मिला है, उसके आधार पर चोरों की तलाश कर रहे हैं। लोकल मुखबिरों को सक्रिय किया है जिससे जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

## यातायात को अवरूद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया

ग्वालियर 29 जनवरी। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नजरबाग मार्केट, सुभाष मार्केट, टाउन हॉल, टोपी बाजार एवं छापाखाना पर यातायात अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया जाकर सामान जब्त की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही महाराज बाड़ा क्षेत्र में नो पार्किंग जोन एवं मुख्य मार्गो पर खड़े दो पहिया वाहनों को जप्त कर जुर्माना किये जाने हेतु कम्पू थाना भेजा गया। उक्त कार्रवाई में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव एवं दक्षिण विधानसभा अमला उपस्थित रहा।

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 1 फरवरी को चीनौर में

**ग्वालियर।** सेवा निवृत कर्मचारी किरार क्षत्रिय समिति ग्वालियर द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 1 फरवरी रविवार प्रात: 10 बजे से राज वाटिका शीतला माता रोड चीनौर ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक रघुनाथ सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी को चीनौर मे एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

# प्रबुद्ध नागरिक मंच ने मनाई लाला लाजपत राय की जयंती



ग्वालियर। प्रबुद्ध नागरिक मंच ने पंजाब केसरी के नाम से मशहूर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि लाला लाजपत राय ने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके बलिदान ने टुकड़ों में बंटे आजादी के आंदोलन को एकता के सूत्र में पिरोकर महाज्वाला बना दिया। उनका नेतृत्व भगत सिंह जैसे अनेक क्रांतिकारियों के लिए सशस्त्र क्रांति की प्रेरणा बना। समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्र के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संकल्पित लाला लाजपत राय की स्वाधीन और स्वावलंबी भारत के निर्माण में भूमिका को यह देश कभी भुला नहीं पाएगा।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में मनाई जया एकादशी,लोगों में दिखा उत्साह



**ग्वालियर।** श्री सनातन धर्म मंदिर में आज जया एकादशी श्रद्धा भाव से मनाई गई। अध्यक्ष विजय गोयल एवं प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला कोषाध्यक्ष राकेश बंसल धर्म ने बताया कि जया एकादशी के अवसर पर भगवान चक्रधर एवं श्री गिरिराज धरण का आकर्षक श्रंगार किया गया। मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री ने भगवान चक्रधर को सुनहरी किनारी की पीली पगड़ी, मोरपंख, मकराकृत कुण्डल, मोतियों से जड़ा कण्ठा, कमल पुष्प, गेंदा पुष्पमाला सुनहरी पीत वर्ण पोशाक धारण कराकर मनमोहक श्रृंगार किया गया।

# एनसीसी में थर्ड ऑफिसर रैंक समाप्त होने के बाद एएनओ प्रमोशन प्रक्रिया शुरू

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीसी के जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग में थर्ड ऑफिसर रैंक को समाप्त किए जाने संबंधी आदेश के पश्चात एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर की पदोन्नति प्रक्रिया को औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में 15 एमपी बटालियन एनसीसी, ग्वालियर में एक गरिमामय पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह समारोह बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी.एस. वर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव सारिन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न



हुआ। समारोह के दौरान भारत सरकार के गजट में प्रकाशित आदेश के अनुसार पात्र सभी को एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर की पदोन्नत रैंक प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रिंशु पाठक, नेहा, केशव सहित अन्य एएनओ को उनके प्रमोशन रैंक की विधिवत पिपिंग कराई गई। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल डी.एस. वर्मा ने पदोन्नत एएनओ को बधाई देते हुए कहा कि थर्ड ऑफिसर रैंक के समाप्त होने से एएनओ की पदोन्नति प्रक्रिया सरल एवं त्वरित होगी, जिससे उनके मनोबल में वृद्धि होगी और एनसीसी प्रशिक्षण व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ कैडेट्स के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव सारिन ने बताया कि यह प्रमोशन 8 नवम्बर 2025 से प्रभावी माना जाएगा तथा रिफ्रेशर कोर्स को भी पदोन्नति प्रक्रिया में समुचित रूप से जोड़ा गया है, जिससे एएनओ के कैरियर प्रोग्रेशन को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का समापन अनुशासन, उत्साह एवं गौरवपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर सूबेदार मेजर जफर अली बटालियन के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मंच पर अपना आकर जीवनसाथी तलाशेंगे युवक युवती

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** आगरा में एक मंच पर सभी अग्रवैश्य बन्धु अपने बच्चों के रिश्ते तलाश करेंगे,133 वां आयोजन 30 जनवरी को होगा, ग्वालियर, वर्तमान में सभी समाज वर्गों के समाजबंधुओं में अपने बच्चों के रिश्तों में हो रही देरी को लेकर गंभीर चिन्ता हे अनेकों युवक युवती 28, एवं,30 वर्ष की उम्र को पार कर चुके हैं इस बात को लेकर आज आगरा उत्तर प्रदेश में अग्रवाल परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने सभी को आगाह करते हुए कहा कि हम सभी को एक मंच पर आकर व्यापार ओर व्यवहार एक साथ मिलकर करना होगा,ओर सामाजिक एकता का परिचय देना होगा, प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीपुरुषोत्तम



खन्डेलवाल विधायक, विजय शिवहरे विधायक आगरा, अजय अग्रवाल समाजसेवी, राकेश गर्ग जी समाज सेवी होंगे, अतिथि के रुप मे भोलानाथ अग्रवाल होंगे,आज अग्रवाल परिचय सम्मेलन के द्वारा अतिथि वन में आयोजित मिटीग में कही, मिटीग में मुकेश सिंगल, राष्टीय उपाध्यक्ष महावीर अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, महेश जौहरी प्रदेश उपाध्यक्ष, रविन्द्र कुमार बंसल,राजेश गुप्ता माथुर वैश्य एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अशोक गुप्ता मंडलीय अध्यक्ष आगरा संतोष गुप्ता, नीलम शाह राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष बबीता अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री, ममता सिंगल प्रदेश उपाध्यक्ष, अतिथि के रूप में उपस्थित थे,अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा 30 जनवरी को 133 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन महाराजा अग्रसेन सेवा सदन लौहा मण्डी में होने जा रहा है, परिचय सम्मेलन के अभी तक 300 युवक युवतीयो के बायोडाटा आ चुके हैं, परिचय सम्मेलन के लिए इंजीनियर रवि गर्ग धौलपुर, प्रदीप गोयल, हरेंद्र गुप्ता हाथरस, सुलभ अग्रवाल सहारनपुर, अचल गुप्ता ग्वालियर, हिमांशु अग्रवाल हरियाणा, प्रांजल बंसल फिरोजाबाद स्वीटी अग्रवाल आगरा, इशिता अग्रवाल आगरा , अदिति जैन ग्वालियर, रिया गुप्ता मेरठ, ने पंजीयन कराया है, परिचय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मथुरा फिरोजाबाद झांसी शिकोहाबाद वृंदावन ,मेरठ, सहारनपुर टूंडला, इटावा सहित अनेकों राज्यों की चालीस शहरो से अग्रबधु अपने बच्चों का रिश्ता देखने आगरा आयेंग।

## बहन के घर सब्जी देकर लौट रहे युवक को पीटा

ग्वालियर। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के किशनबाग में बहन के घर सब्जी देकर वापस जा रहे युवक को घेरकर दो युवकों ने पिटाई कर दी। बेटे को पिटता देख उसका पिता बचाने आया तो उनके साथ मारपीट कर दी और डंडा सिर में मार दिया, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। आकिब खान पुत्र हैदर खान निवासी शंकरपुर देवाले का मंदिर बीते रोज अपनी बहन के घर सब्जी देने आया था।

# प्लेटफार्म रास्तों की खस्ता हालत पर मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष ने नाराजगी जताई

**मंडल रेल प्रबंधक को कार्रवाई के लिये पत्र भेजेंगे**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** मप्र मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डा. अवधेश प्रताप सिंह ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों से यात्रियों व आम नागरिकों को हो रही असुविधाओं पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संदर्भ में जिला कलेक्टर व अन्य अधिकारियों से स्टेशन पर निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों के लिये सुरक्षित और फिसलन रहित सुगम रास्ता बनाने के लिये रेल अधिकारियों से चर्चा करने को कहा है। मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डा. सिंह इस संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक अनिरूद्ध कुमार को भी पत्र भेज रहे हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की कार्यप्रणाली, मानव अधिकारों से संबंधित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति एवं निराकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस मौके पर आयोग मित्र डा. दीपक शर्मा, आलोक बंधु श्रीवास्तव, विनय अग्रवाल व अजय मिश्रा



भी उपस्थित थे। स्टेशन पर आम नागरिकों को हो रही परेशानी की जानकारी मंडल रेल प्रबंधक अनिरूद्ध कुमार को लिखित में दी जाये। इसके निर्देश मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष ने दिये। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इस संदर्भ में आयोग कार्यालय से पत्र जारी कर रहे हैं। बैठक में आयोग मित्र समिति की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। आयोग मित्र समिति की ओर से सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश श्रीवास्तव, डॉ. दीपक शर्मा, अधिवक्ता आलोक बंधु श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने आयोग मित्रों डॉ दीपक शर्मा के योगदान की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि आयोग और आम जनता के बीच सेतु का कार्य आयोग मित्र प्रभावी ढंग से कर रहे हैं। उन्होंने मानव अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर, संगोष्ठी, कार्यशालाएं एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

# पॉप कोर्न फैक्ट्री पर तालाबंदी ,जमा किया संपतिकर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,29जनवरी।** नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए बड़े बकायदारों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर तालाबंदी की कार्रवाई की गई जिसमें ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्र. 65 गिरवाई एवी रोड स्थित जैन पॉप कोर्न फैक्ट्री पर से संपत्ति कर बकाया होने पर कार्रवाई की गई । मौके पर पहुंचे रजनीश गुप्ता उपायुक्त के नेतृत्व में शैलेन्द्र चौहान राजस्व निरीक्षक , इंदर सिंह कुशवाह कर संग्रह वार्ड 65 आर्यन गुप्ता ,यतीश मौर्य सहायक टीसी एवं प्रशांत पाण्डेय ,चंद्रकांत कुशवाह द्वारा कार्रवाई करते हुए मौके पर संपत्ति की कारखाना को बंद कर



फैक्ट्री को सील किया गया जिस पर संपत्ति स्वामी मनीष जैन द्वारा मौके पर संपत्ति कर की राशि को चेक द्वारा जमा कराया गया एवं भवन स्वामी ने शेष राशि को शीघ्र जमा करने हेतु 10 दिवस का समय मांगा गया है।

# मेले में कैट के प्रमोशनल पवेलियन का शुभारंभ आज

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा 1 मई से 4 मई 2026 तक प्रगति मैदान नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से संबंधित तैयारियां दिखाने एवं महोत्सव के प्रमोशन के लिये ग्वालियर व्यापार मेले में पवेलियन बनाया गया है जिसका शुभारंभ भारत व्यापार महोत्सव के चैयरमैन लॉयन्स डॉ. रामगोपाल गोयल 30 जनवरी को दोपहर 2 बजे करेंगे। कैट के मेला समिति संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि उनके साथ भारतीय जनता पार्टी नयी दिल्ली के



वरिष्ठ नेता गोपाल गर्ग भी नयी दिल्ली से पधार रहे हैं। कैट मेला समिति के अरूण गुप्ता, अजय अग्रवाल, अमित अरोरा, योगेश कुमार मित्तल, डॉ.सौरभ खण्डेलवाल, विद्याभूषण त्यागी, आनन्द शर्मा, अनुराग जैन, गजेन्द्र सिंह कुशवाह, नितिन गोयल, रजत सिंघल ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शुभारंभ के अवसर पर शामिल रहने का अनुरोध किया है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95